# अपने आप को और अपने परिवार को बीमा सुरक्षा से सुरक्षित रखें।



Medi-Cal

## सुनिश्चित करें कि आपकी जानकारी अप टू डेट है।

Medi-Cal आपके और आपके परिवार के लिए डॉक्टर के यहाँ विज़िट्स, नुस्खे, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तथा और भी बहुत कुछ सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को कवर करता है। इसलिए, यदि आपके पास Medi-Cal है, तो सुनिश्चित करें कि आप समय आने पर इसका नवीकरण कराएँ।

### अपनी संपर्क जानकारी अपडेट करें

अपने नाम, पते, फ़ोन नंबर और ईमेल पते में किसी भी नए परिवर्तन की रिपोर्ट करें, ताकि आपकी काउंटी आपसे संपर्क कर सके।

### अपनी डाक को चेक करते रहें

काउंटी आपको आपके Medi-Cal पात्रता के बारे में एक पत्र डाक से भेजेगी। आपको एक नवीकरण फ़ॉर्म पूरा करने की ज़रूरत हो सकती है। यदि आपको नवीकरण फ़ॉर्म भेजा जाता है, तो अपनी जानकारी डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन सबमिट करें, ताकि आप अपनी बीमा-सुरक्षा लाभों को न गँवा पाएँ।

### अपना ऑनलाइन अकाउंट बनाएँ या चेक करें

आप अपने केस के बारे में अलर्ट्स प्राप्त करने के लिए साइन अप कर सकते हैं। इन अलर्ट्स को प्राप्त करने के लिए अपना अकाउंट बनाएँ या लॉग इन करें। आप नवीकरण या अनुरोध की गई जानकारी ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं।

### अपना नवीकरण फ़ॉर्म पूरा करें (यदि आपको फ़ॉर्म मिलता है)

यदि आपको नवीकरण फ़ॉर्म प्राप्त हुआ है, तो अपनी बीमा सुरक्षा में अंतराल (विघ्न) से बचने में मदद करने के लिए डाक, फ़ोन, व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन जाकर अपनी जानकारी सबमिट करें।

---

**अधिक ब्यौरे के लिए तथा अपनी संपर्क जानकारी को अपडेट करने के तरीके के बारे में जानने के लिए, KeepMediCalCoverage.org पर जाएँ**

---

Office Name
-
Physical Address Line 1
Physical Address Line 2
Phone Number
Website